Tel. & Fax : 01564-220000
Web : www.mgcsrdr.com,
Email : officekdgd@gmail.com

Smt. Kamla Devi Gauridutt Mittal Mahila Mahavidyalaya

Sardarshahar – 331403, Churu (Rajasthan)
Sponsored by Mittal Charities, Mumbai
Approved by NCTE & DCE, Raj. Affiliated To M.G.S. University, Bikaner & Recognized by UGC (2F & 12B)

Date :- 01.11.2022

–:: प्रेस नोट ::–

सरदारशहर। श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में मंगलवार को इण्डिया से भारत की ओर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की ओर से आयोजित व्याख्यानमाला के मुख्यवक्ता प्रदेश संगठन मंत्री डॉ० दिग्विजय सिंह थे। वहीं एस.बी.डी. राजकीय महाविद्यालय के व्याख्याता डॉ० देवी शंकर शर्मा ने भी सहभागिता की।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्राचार्य डॉ० मृत्युंजय कुमार पारीक ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ० दिग्विजय सिंह कहा कि हमें भारतीय होने पर गर्व करना चाहिए। वास्तव में हम गुलाम नहीं हुए क्योंकि हमने कभी विदेशी सत्ता को स्वीकार नहीं किया। हमारे देश का तन्त्र विदेशी हाथों में चला गया, लेकिन भारतीयों की एकजुटता के आगे विदेशियों को नतमस्तक होना पड़ा। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व की प्रमुख शक्ति के रूप में उभरा है। हमें भारत की खोई प्रतिष्ठा को पुनः स्थापित करना होगा। कार्यक्रम में डॉ० देवीशंकर शर्मा ने व्याख्यान के उद्देश्य एवं महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय संस्कृति के संस्कार एवं आदर्शों को समझकर उन्हें जीवन में आत्मसात करना होगा। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डॉ० सरोज चाहर ने किया। कार्यक्रम में समस्त व्याख्यातागण एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

संलग्न :– कार्यक्रम फोटो।

01/11/22

(डॉ० मृत्युंजय कुमार पारीक)
प्राचार्य
Principal
Kamla Devi Gauridutt Mittal
Mahila (P.G.) Mahavidyalaya
Sardarshahar

स्वतन्त्रता का अमृत महोत्सव
व्याख्यान
इण्डिया से भारत की ओर